an>

Title: Demand to remove Mandhana railway line from Kanpur to Anwarganj, Ijjatnagar Mandal under North-Eastern railways.

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कानपुर से अनवरगंज के बीच मंधना रेलवे लाइन को हटाकर मंधना से पनकी को जोड़ने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

माननीय सभापति महोदय, मैंने इस रेलवे लाइन को हटाए जाने की आवश्यकता व गंभीरता को दर्शाते हुए कई बार माननीय मंत्री जी और चेयरमैन, रेलवे बोर्ड से भी आग्रह किया है । अनवरगंज से मंधना तक की यह रेलवे लाइन 16 किलोमीटर लंबी है । इस 16 किलोमीटर की रेलवे लाइन में 18 क्रॉसिंग्स हैं । इस रेलवे लाइन पर दिन में 50 जोड़ी ट्रेनें चलती हैं, जिसके कारण हर दस मिनट बाद फाटक बंद होता है ।

इस रेलवे लाइन के कारण कानपुर दो भागों में बंट गया है, क्योंकि पैरलल जीटी रोड है । जीटी रोड के कारण फ्लाईओवर नहीं बन सकता, जब फ्लाईओवर नहीं बन सकता, तो दक्षिण का मरीज यदि उत्तर के अस्पताल में मेडिकल सेवाओं के लिए आना चाहता है, कचहरी जाना चाहता है, तो उसे फाटक बंद मिलता है । इस बंद फाटक के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं । महामहिम राष्ट्रपति जी जब पिछली बार कानुपर गए थे, तो वहां ट्रैफिक जाम में फंसने के कारण एक महिला की मृत्यु हो गई थी, जिस पर महामहिम राष्ट्रपति जी ने स्वयं खेद भी व्यक्त किया था ।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से फिर से माननीय रेल मंत्री जी और चेयरमैन, रेलवे बोर्ड से निवेदन करना चाहता हूं कि यह रेलवे लाइन कानपुर के विकास में बाधक है । इसके कारण कानुपर का औद्योगिक स्वरूप विकसित नहीं हो पा रहा है । कानुपर के लोगों को आने-जाने में बहुत असुविधा होती है । जीटी रोड का जो चौड़ीकरण प्रस्तावित है, वह भी इस रेलवे लाइन के

कारण नहीं हो पा रहा है । इसलिए मेरी माननीय रेल मंत्री जी से विनती है, निवेदन है और जो मेरी गुहार है, जिसे मैं वर्ष 2019 से बारम्बार लगा रहा हूं, इसको कृपया सुन लें और यह रेलवे लाइन हटाकर कानुपर की जनता पर उपकार करें, कानपुर की जनता को स्नेह दें ।

मुझे आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से इतना ही निवेदन करना था । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।